Uturn Time 17 Feb 2026_Layout 2 16-02-2026 23:50 Page 1

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**



हेराफेरी हो गई, कुछ ज्यादा इस बार।
चुटकी भर सीमेंट में, रेता पीपे चार।
रेता पीपे चार, बनाया खूब रुपैया।
पानी भरते दरक, गई है टंकी भैया।
कह साहिल कविराय, लगी ना ज्यादा देरी।
कुछ ज्यादा इस बार, हो गई हेराफेरी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 36 | TUESDAY 17-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# 'हमें तो अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम था' जैसे हुए लुधियाना वासियों के हालात

लुधियाना/यूटर्न/16 फरवरी। लुधियाना में लैंड माफिया गैंग सक्रिय हो चुका हैं। जिनकी और से गांव काराबारा और सेखेवाल में लोगों की पुश्तैनी जमीनों पर जमकर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इन गैंग के साथ सरकारी अधिकारी व कई राजनेताओं की भी मिलीभगत है। जिसे देख पता चलता है कि लुधियाना वासियों के हालात हमें अपनों ने लूटा, गैरों में कहां दम थाह्व जैसे हो चुके हैं। जहां उनके ही राजनेता और लोक सेवक सरकारी अधिकारी लैंड माफिया के साथ मिलकर उन्हें लूटने में लगे हैं। इन लैंड माफिया के बीच बराड़ सीड स्टोर के मालिक हरविंदर सिंह उर्फ काका बराड़ का नाम काफी चचाओं में हैं। पिछले समय के दौरान काराबारा और सेखेवाल गांव हुए जमीनों के अवैध कब्जों के सभी मामलों में काका बराड़ का नाम किसी न किसी तरीके से जरुर सामने आया है। इन अवैध कब्जों की भेंट आप पार्षद नंदिनी मनू जैरथ के ससुर, कारोबारी पप्पू घई और हरिंदर पाल सिंह चढ़ चुके हैं। जिनकी पुश्तैनी जमीनों पर कब्जाधारियों द्वारा कब्जे करने के प्रयास किए गए। इस संबंधी पीड़ित हरिंदर पाल सिंह द्वारा गवर्नर पंजाब को शिकायत दी गई। उक्त शिकायत की जांच एसीपी कमांडेंट लुधियाना द्वारा की जा रही है।






पीड़ित हरिंदर पाल सिंह

## निगम की ही जमीन को बेच गए लोग

पीड़ित हरिंदर पाल सिंह ने बताया कि उनकी काराबारा गांव में 7 हजार गज जमीन हैं। जिस पर लैंड माफिया द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया गया है। हरिंदर पाल सिंह अनुसार गांव सेखेवाल के मलकीत सिंह के साथ खसरा नंबर 694/352 में 39225 गज जमीन थी। इसमें से 1982 में नगर निगम द्वारा गलियों और सड़कों के लिए 9790 गज जमीन एक्वायर की। जिसके बाद नियम मुताबिक मलकीत सिंह के पास 29435 गज जमीन बची, मगर सरकारी जमीन का रकबा निकालने के बावजूद मलकीत सिंह ने 31090 गज जमीन बेच डाली। यानि कि निगम के हिस्से की 1655 गज जमीन भी बेच दी। यह घोटाला यहीं नहीं रुका। जहां पहले मलकीत सिंह ने सरकारी जमीन का हिस्सा बेचा और बाद में बचे 7 हजार गज उसके वारिसों ने भी बेच डाले। यानि कि गलियों और सड़कों के रकबे की रजिस्ट्रियां भी करवा दी। जिसकी रजिस्ट्रियां लैंड माफिया को करवाई गई।

## सरकारी विभाग भी उनके हक में दे चुके फैसला

पीड़ित हरिंदर पाल सिंह ने बताया कि उनकी जमीन पर हो रहे कब्जे संबंधी उन्होंने डीसी को शिकायत दी। उक्त शिकायत जांच के लिए एसडीएम के पास पहुंची। एसडीएम के आदेशों पर गांव काराबारा और सेखेवाल के कानूनगो को जमीनों की जांच के आदेश दिए। जिस पर काराबारा के कानूनगो ने हरिंदर सिंह का रकबा उनके नाम पर होने की रिपोर्ट बनाई। जबकि तीन पटवारियों ने जांच की तो भी उनके हक में रिपोर्ट आई। फिर उन्होंने 2019 में सीपी को लैंड माफिया खिलाफ शिकायत दी। मगर जांच न होने पर 2023 में गवर्नर को शिकायत दी। जिसके जांच जारी है।



## सरकारी जमीन की रजिस्ट्रियों से एक

किमी. दूर तक कब्जा पीड़िता अनुसार लैंड माफिया गिरोह में शामिल संगरुर के रणधीर सिंह, काका बराड़, रायकोट के मनदीप सिंह और दो दर्जन से अधिक लोगों ने गांव सेखेवाल में मलकीत सिंह के वारिसों जरिए सरकारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्रियां करवाई। फिर उन रजिस्ट्रियों के दम पर एक किलोमीटर दूर काराबारा गांव में उनकी सात हजार गज जमीन को अपना बताते हुए कब्जे की कोशिश की। पहले तो दोनों जमीनों की दूरी काफी है और गांव भी अलग है। जिसके बावजूद लैंड माफिया धक्केशाही करने में लगा है।

## आप पार्षद के ससुर की जमीन हड़पने का प्रयास



वहीं आप पार्षद नंदिनी मनु जैरथ के ससुर और आप नेता मनु जैरथ के पिता अश्वनी कुमार जैरथ की प्रॉपर्टी 400 गज काराबारा गांव की तरफ मौजूद है। जिसके वह जून 1990 से मालिक है। उन्होंने प्लॉट की चार दीवारी कर रखी है और गेट पर ताला लगाया हुआ है। लेकिन लैंड माफिया ने जबरन उनकी जमीन हड़पने की कोशिश की। जिस संबंधी उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। लेकिन लैंड माफिया के पीछे राजनेताओं और अधिकारियों का हाथ होने के चलते सुनवाई नहीं हो सकी। काफी प्रयासों के बाद उन्होंने एक्शन कराया। जिसके बाद थाना दरेसी की पुलिस ने मेजर गुरदियाल सिंह रोड के अश्वनी कुमार जैरथ की शिकायत पर अग्र नगर बाड़ेवाल रोड के हरविंदर सिंह उर्फ काका बराड़, गड़शंकर के कमलजीत सिंह और उसके पति परमजीत कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## कारोबारियों को बेवजह किया जा रहा परेशान

वहीं इन अवैध कब्जों के बढ़ते मामलों के कारण कारोबारी परेशान हो चुके हैं। जिनकी और से रोष भी जताया जा रहा है। वहीं अगर नए बने मालिकों की रजिस्ट्रियों की भी जांच की जाए तो वह खुद ही इसमें फंसते नजर आएंगे। वहीं इन अवैध कब्जों के मामलों में शामिल ज्यादातर लोग एक ही है। वहीं हर मामले में शामिल दिखते हैं।

## परीकनिट फर्म के मालिक की जमीन कब्जाने की कोशिश

- वहीं परीकनिट फर्म के मालिक पप्पू घई की भी गांव काराबारा में जमीन है। जिसे उन्होंने साल 1990 में खरीदा था। तब से लेकर आज तक वहीं मालिक है। लेकिन अब 2026 में जाकर उक्त जमीन के नए मालिक खड़े हो गए। जिनकी और से फर्जी रजिस्ट्रियां करवाकर खुद को जमीनों के मालिक बताया जा रहा है।

## 35-40 सालों से जमीन पर बैठों की सुनवाई नहीं, नए मालिकों को पहल

- वहीं इन अवैध कब्जों के मामलों में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जिसमें 35-40 सालों से जमीनों की रजिस्ट्रियां करवाकर बैठे मालिकों की प्रशासन व पुलिस द्वारा सुनवाई नहीं की जा रही। जबकि जबरन बने नए मालिक लैंड माफिया की पहल के आधार पर सुनवाई की जा रही है। यहां तक कि जब भी पुलिस के पास शिकायत जाती है तो लैंड माफिया को ज्यादा तवजों मिलती है।

# जालंधर में सेंट्रल जीएसटी टीम की कार्रवाई के दौरान हंगामा, दस्तावेज नष्ट करने की कोशिश का आरोप

जालंधर, यूटर्न, 16 फरवरी। शहर के पीपीआर मॉल के पास सेंट्रल जीएसटी टीम की चल रही सर्च कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से टीम की कार्रवाई में दखल देने और दस्तावेजों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई।

सूत्रों के अनुसार, सर्च के दौरान स्थानीय प्रॉपर्टी कारोबारी मेजर सिंह कथित रूप से 10-15 लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उनके साथ आए लोगों ने अधिकारियों को डराने-धमकाने और तलाशी प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की। यह भी आरोप है कि कुछ दस्तावेज और साक्ष्यों को नष्ट करने का प्रयास किया गया। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

बताया जा रहा है कि मेजर सिंह शहर में रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं और 'दाना पानी' रेस्टोरेंट से भी उनका संबंध बताया जाता है। उनका नाम पहले दिसंबर में हुई जीएसटी कार्रवाई के दौरान भी चर्चा में आया था, जब 'वैष्णो अग्रवाल ढाबा' में छापेमारी के दौरान करीब 3 करोड़ रुपये नकद और बड़ी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज मिलने का दावा किया गया था।




फिलहाल सेंट्रल जीएसटी विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है। विभागीय अधिकारियों ने संकेत दिया है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और साक्ष्य से छेड़छाड़ के प्रयास के मामले में सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

मामले ने जालंधर के कारोबारी और रियल एस्टेट जगत में हलचल पैदा कर दी है।







# लोकल बॉडी मंत्री के अपने शहर में ही 'स्पेशल असिस्टेंस फंड' पर ब्रेक,

## निगम के 135 करोड़ के टेंडर ठंडे बस्ते में – शहर रह जाएगा विकास कार्यों से महरूम ?

लुधियाना, 16 फरवरी। केंद्र सरकार से मिले 300 करोड़ रुपये के स्पेशल असिस्टेंस फंड में से लुधियाना नगर निगम को आवंटित हिस्से पर ही अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। करीब 135 करोड़ रुपये के टेंडर वर्क ऑर्डर के इंतजार में अटके पड़े हैं। फंड की उपयोगिता पर उठते सवालों और संभावित वापसी की चर्चाओं ने निगम के गलियारों में हलचल तेज कर दी है। इसका मुख्य कारण कोई और नहीं बल्कि निगम की इलैक्टेड बॉडी और भ्र्ष्ट अधिकारीयों का निजी ग्लोरिफिकेशन को तवज्जों देना है।

विडंबना यह है कि लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा जहां राज्य को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश का केंद्र बनाने में सक्रिय हैं, वहीं उनके अपने शहर में विकास कार्य कागजों से बाहर नहीं निकल पा रहे। जानकारी अनुसार केंद्र सरकार द्वारा जारी 1000 करोड़ रुपये के स्पेशल असिस्टेंस फंड में से पंजाब को 300 करोड़ रुपये की पहली किश्त मिल चुकी है। जबकि बकाया 700 करोड़ की राशि पहली किश्त की उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) भेजे जाने के बाद ही जारी होगी। ऐसे में कम समय में इतनी बड़ी राशि का इस्तेमाल हो पाएगा या नहीं इसे लेकर भी घबराहट पैदा हो रही है ।








### लैस बढ़ाने की आढ़ में ये कौन सा खेल ?

चचाओं की माने तो सोमवार को मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर , सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और डिप्टी मेयर प्रिंस जोहर द्वारा ठेकेदारों के साथ बैठकों में कथित तौर पर टेंडरों में पहले से दी गई 4 से 12 प्रतिशत ह्यलेसह्न के बावजूद और अधिक कटौती ( लेस )का दबाव बनाया गया। ठेकेदारों ने इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए इंकार कर दिया। चर्चा है की वास्तव में लैस के दबाव की आढ़ में कोई और ही खेल खेला जा रहा।

### एस्टीमेट से कम कीमत तो ठेकेदारों पर लेस का दबाव गलत

जबकि एक्सपर्ट्स की माने तो कानूनन टेंडर के एस्टीमेट से कम कीमत पर बिड आने पर ठेकेदारों पर लेस बढ़ाने का दबाव नहीं डाला जा सकता। जानकारी के मुताबिक 14 टेंडर खोले जा चुके हैं जिनपर पहले से दी गई 4 से 12 प्रतिशत 'लेस' के साथ बिड की गई है उधर 11 फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी में लंबित हैं, जबकि 6 आपसी विवादों में फंसे हैं।

### अन्य शहरों में 80 % काम शुरू

उधर स्पेशल अस्सिस्टेंस फंड के तहत अन्य शहरों में अलाट हुए टेंडरों के 80 % से ज्यादा काम शुरू हो चुके है ।ऐसे में अगर तुरंत वर्क आर्डर जारी कर काम शुरू नहीं हुआ तो लुधियाना का फंड किसी और शहर को शिफ्ट हो कर वहां लगे दिया जाएगा। सब की निगाहे मंत्री अरोड़ा पर टिक्की है

### सिर्फ २% लैस पर अलाट हुआ गोबर लिफ्टिंग का ३३ करोड़ का टेंडर

चचाओं की माने तो पिछले दिनों निगम द्वारा गोबर लिफ्टिंग का 33 करोड़ का सिंगल टेंडर केवल 2 % लैस पर अलाट कर दिया गया। जबकि देश के कई राज्यों में नगर निगम गोबर उठवाने के लिए ठेकेदारों से पैसे चार्ज कर राजस्व बढ़ाती है। लेकिन मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर द्वारा गोबर ठेकेदार पर लिफ्टिंग टेंडर में लैस को 2 % से बढ़ा कर 20 से 25 % करने का दबाव क्यों बनाया गया।

### लोकल बॉडी के दोनों विभागों के अलग अलग माप दंड क्यों

इसी प्रकार लोकल बॉडी के अन्य विभाग जबकि इम्प्रूवमेंट में सड़कों का ।5 करोड़ का टेंडर 2 % लैस पर अलाट हुआ है । हैरानी जनक बात यह है की लोक बॉडी के दोनों विभागों के अलग अलग पैमाने क्यों ? लोगों में चर्चा है की क्या लोकल बॉडी मंत्री मामले में हस्तक्षेप कर तुरंत काम शुरू करवा पाएंगे या स्थानीय नेताओं की सैल्फ ग्लोरिफिकेशन शहर वासियों को भारी पड़ेगी

# पीएम मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का असर



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/फरवरी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब-कल्याण और जन-हितैषी नीतियों से प्रेरित होकर, रायकोट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव जोहलां में एक बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिला। यहाँ के 20 परिवारों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विचारधारा में आस्था जताते हुए पार्टी का दामन थाम लिया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इन सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### दिग्गज नेताओं की उपस्थिति

इस विशेष अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें लुधियाना जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष हरकंवरजीत सिंह ( सेवानिवृत्त एसडीएम), एससी मोर्चा अध्यक्ष जगतार बांगड़, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरबजीत कौर, महासचिव ( जगरांव) गौरव गुप्ता, रानी कौर, उपाध्यक्ष ( बरनाला) कुलदीप मित्तल, ब्लॉक अध्यक्ष ( महल कलां) सुरिंदर काला, सुंदर लाल और प्रदीप जंड सहित अन्य समर्पित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नशीली गोलियों सहित दो गिरफ्तार, अलग-अलग मामले दर्ज

जगरांव/यूटर्न/16/फरवरी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए दाखां और रायकोट क्षेत्र से दो व्यक्तियों को नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पहले मामले में थाना दाखां के एएसआई इंद्रजीत सिंह ने बताया कि गांव रुड़का रोड पर गश्त के दौरान दविंदर सिंह उर्फ बिंदरी ने पुलिस को देख 18 नशीली गोलियों वाला लिफाफा फेंक दिया था, जिसे बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

दूसरे मामले में थाना सिटी रायकोट के एएसआई कुलदीप सिंह ने रामगढ़ सिविया रोड पर गुरमिंदर सिंह उर्फ बुग्गा (निवासी रायकोट) को 25 नशीली गोलियों सहित काबू किया। पुलिस के अनुसार नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# नेहरू मार्केट अतिक्रमण प्रकरण

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/फरवरी। शहर की स्थानीय नेहरू मार्केट से संबंधित नगर कौंसिल की एक गली में कुछ दुकानदारों द्वारा कथित रूप से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किए जाने के आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकानों के पीछे के हिस्से को बढ़ाते हुए लैंटर डालकर गली के हिस्से पर कब्जा कर लिया है। मौके पर पहुंच कर कैमरे की आंख से देखा गया कि कुछ स्थानों पर गेट लगाकर रास्ते को संकुचित किया हुआ, और कुछ दुकानदारों ने सरकारी रास्ते पर पक्के लेटर भी डाल रखे हैं।

हालांकि, संबंधित दुकानदारों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। जब इस संबंध में नगर कौंसिल जगरांव के कार्यकारी अधिकारी मोहित शर्मा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है



और इसकी गंभीरता से जांच की जाएगी। यदि नगर कौंसिल की भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया तो संबंधित पक्ष के खिलाफ ढ४ल्लुं ट४ल्लूस्त्र' अू३ के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इसी बीच, पत्रकारिता स्त्रोतों के अनुसार यह भी दावा किया गया है कि जब इस खबर के प्रकाशन की जानकारी कुछ स्थानीय दुकानदारों को मिली तो कथित रूप से Aam Aadmi Party से जुड़े एक राजनीतिक नेता के माध्यम से पत्रकार को फोन कर खबर रुकवाने का प्रयास किया गया। दावा है कि फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने इसे ह्लपुराना कब्जाह्व बताते हुए खबर प्रकाशित न करने की बात कही। यहां यह बात गौरतलब है कि इसी मार्केट से संबंधित कुछ कब्जाधारी दुकानदारों द्वारा पहले इस बात को उछाला गया और बात मीडिया में आने के बाद इस बात को दबाने के प्रयास शुरू किया। वहीं दूसरी तरफ कुछ दुकानदारों द्वारा तो इस मामले में अपनी चोंच गिली करने की अफवाहों का बाजार भी गर्म है

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 मंगलवार, 17 फरवरी 2026



पेज 06 दुनियावी संकटों से मुक्ति दिलाती हैं मां...

# बच्चे की खरीद-फरोख्त मामले में 5 आरोपी महिलाएं गिरफ्तार, 3 की गिरफ्तारी बाकी

लुधियाना/यूटर्न/16 फरवरी। लुधियाना शहर में बच्चे की खरीद-फरोख्त संबंधी पुलिस ने नीला झंडा रोड पर एक पार्क में से तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। थाना डिवीजन नंबर 3 लुधियाना की पुलिस ने सुनीता देवी पत्नी केशव लाल (बच्ची की माता), निवासी शहीद भगत सिंह कॉलोनी, प्रवीण पत्नी यूनुस मसीह, निवासी खुड्ड मोहल्ला, नमीत कौर (BAMS) पंजाब माता नगर, पाखोवाल रोड, रूचि निवासी संत कबीर नगर, डाबा रोड और मनदीप कौर पत्नी जतिंदर सिंह, निवासी गांव नंगल, जिला मोगा को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि पम्मा (आशा वर्कर), निवासी अमृतसर, गुरमीत कौर



निवासी गांव अजीतवाल और केयर ऑफ अरोड़ा नर्सिंग होम की नर्स अभी फरार है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# नसराली में खत्रियों का शिव मंदिर की ट्रस्ट और डीएमसी अस्पताल ने फ्री मेडिकल चैकअप और ब्लड डोनेशन कैंप किया आयोजित






लुधियाना/यूटर्न/16 फरवरी। नसराली स्थित खत्रियों का शिव मंदिर की ट्रस्ट और डीएमसी अस्पताल की और से महाशिवरात्री के उपलक्ष्य में फ्री मेडिकल चैकअप कैंप और ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर हार्ट, आंखों, ऑर्थो, बीपी, शुगर, ईसीजी और डाइट कंस्लटेंशन दी गई। कैंप में करीब 500 मरीज आए। जिनका मुफ्त चैकअप किया गया और उन्हें फ्री दवाइयां भी वितरित की गई। वहीं इस दौरान भारी संख्या में लोगों द्वारा ब्लड भी दान किया गया। इस दौरान मंदिर के ट्रस्टी सतीश ओल और सुशील कुमार पांडे ने कहा कि सेवा करना ही असली धर्म है। इसी लिए उनकी तरफ से महाशिवरात्री के पावन अवसर पर फ्री कैंप आयोजित कर लोगों की सेवा की। इस अवसर पर बीजेपी पंजाब कैशियर गुरदेव शर्मा देबी, हरसिमरजीत सिंह (लकी) एमडी लकी इंजीनियर्स, इंदर सिंगला दुगरी, जतिंदर मित्तल एमडी जतीन्द्र उद्योग, जितेंदर अरोड़ा (सोमी) अध्यक्ष अशोक हार्डवेयर, करण बेम्बी निदेशक रवि प्रेस, केबी सिंह रिटा. प्रोफेसर पीएयू, कुलदीप करीर सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश, मुनीष बहल दुगरी, परेश भंडारी, प्रदीप नूरी एमडी जेबीआर इंडस्ट्रीज, प्रवीण चड्ढा शिव फोर्जिंग, प्रिंस छाबड़ा बीआरएस नगर, राकेश कपूर एमडी.पैरामाउंट इंडस्ट्रीज, रमेश शर्मा एमडी, भारती रेक्टिफायर, ऋषि वर्मा, बलजीत सिंह सेठी दुगरी, एस.के. राय एमडी, हीरो साइकिल, संजीव स्याल एमडी, राजीव मेटल, सतपाल सिंगला दुगरी, विक्रम बेम्बी नेशनल इंडस्ट्रीज, विनोद मल्होत्रा अशोक नगर, बिपिन गुप्ता सेक्रेटरी डीएमसी, विश्व मोहन एचओडी डीएमसी, अरविंद बावा एचओडी डीएमसी अस्पताल मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# थाने के बाहर धरना जारी, पुलिस ज्यादतियों के खिलाफ पीड़ित परिवार का संघर्ष तेज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/फरवरी। पिछले करीब दो दशकों से पुलिस हिरासत में कथित अत्याचारों के खिलाफ इंसाफ की लड़ाई लड़ रहा पीड़ित परिवार पिछले चार वर्षो से थाने के बाहर लगातार धरने पर बैठा है। अब पीड़ितों ने ग्रामीण पुलिस अधिकारियों पर अदालत के आदेशों की अवहेलना करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



प्रेस को जारी बयान में इंजीनियर दर्शन सिंह ढालीवाल, इकबाल सिंह रसूलपुर और पीड़िता सुरिंदर कौर रसूलपुर ने बताया कि वर्ष 2005 से राज्य और केंद्रीय संवैधानिक आयोगों द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाती रही है। इसके अलावा माननीय स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा भी चार से पांच बार आदेश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन संबंधित पुलिस अधिकारी जानबूझकर आवश्यक रिपोर्ट अदालत में पेश नहीं कर रहे। धरने में पहुंचे विभिन्न जत्थेबंदियों के नेताओं ने भी पुलिस प्रशासन के रवैये की कड़ी निंदा की। श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी के प्रधान तथा भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान जसप्रीत सिंह ढोलण ने ह्रपंजाब सरकार मुदार्बादह्व के नारे लगाते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मुद्दई मुकदमा इकबाल सिंह रसूलपुर ने आरोप लगाया कि तत्कालीन थाना प्रभारी गुरिंदर बल्ल ने सोची-समझी साजिश के तहत पीड़िता सुरिंदर कौर, दिवंगत कुलवंत कौर तथा मनप्रीत कौर को अवैध हिरासत में रखकर थर्ड डिग्री यातनाएं दीं। उनका कहना है कि अत्याचारों के चलते कुलवंत कौर की मौत हो गई। बाद में दर्ज किए गए मामले में भी जानबूझकर मनप्रीत कौर को 'पीड़ित' के रूप में शामिल नहीं किया गया। पीड़िता एवं याचिकाकर्ता मनप्रीत कौर के पति इंजीनियर दर्शन सिंह ढालीवाल ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण उन्हें माननीय स्पेशल कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

# केस वापिस न लेने पर दो भाइयों पर किया हथियारों से हमला, एक का काटा टान, दूसरे का हाथ तोड़ा

लुधियाना/यूटर्न/16 फरवरी। लुधियाना के गांव सरीह में केस वापिस न लेने पर कुछ हथियारबंदों ने घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला कर दिया। इस दौरान एक भाई का कान काट दिया और दूसरे का हाथ तोड़ दिया।



दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना डेहलों पुलिस ने हरजीत सिंह की शिकायत पर शमशेर सिंह पुत्र चरण सिंह, मक्खन सिंह पुत्र शमशेर सिंह, अमरीक सिंह पुत्र शमशेर सिंह,काला सिंह पुत्र शमशेर सिंह, जतिंदर सिंह पुत्र मेजर सिंह, हरजप्रीत सिंह पुत्र अमरजीत सिंह सभी निवासी गांव सरीह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित हरजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा उसके भाई हरपाल के साथ पिछले साल दीवाली के समय भी मारपीट की थी। उस समय इन पर केस भी दर्ज हुआ था। उसी केस को हटवाने का दबाव बना रहे थे। लेकिन उन्होंने केस वापिस नहीं लिया। जिसके चलते हमलावर उनके साथ रंजिश रखने लगे। 13 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे आरोपी उसके भाई हरपाल सिंह के साथ मारपीट कर रहे थे। उसने बड़ी मुश्किल से अपने भाई को आरोपियों से छुड़वाया और दोनों घर के अंदर चले गए। आरोप है कि इसके बाद हमलावर हथियारों के साथ उनके घर में घुस आए और दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। पीड़ित हरजीत सिंह ने बताया कि एक आरोपी ने किरपाण से वार कर उसका बायां कान काट दिया और उसकी दाहिनी बाजू पर भी गहरा जख्म कर दिया। वहीं हमले में उसके भाई हरपाल सिंह की एक बाजू टूट गई।

# विकास को मिली रफ्तार, वार्ड नंबर 26 में 2.36 करोड़ के प्रोजेक्टों की शुरूआत, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने रखा नींव पत्थर



जीरकपुर, यूटर्न, 16 फरवरी। डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा नगर काउंसिल जीरकपुर के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 26 में करीब 2 करोड़ 36 लाख 15 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरूआत करते हुए नींव पत्थर रखा गया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों और पार्टी नेताओं की मौजूदगी में परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर संबोधित करते हुए विधायक रंधावा ने कहा कि हलके में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज प्रणाली को बेहतर बनाने, अंदरूनी गलियों के निर्माण और सड़कों की मरम्मत से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा इलाके की समग्र तस्वीर में भी सुधार आएगा।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# पंचकुला डीसी सतपाल शर्मा ने समाधान शिविर में दिखाई सख्ती: सेक्टर-21 की ड्रेनेज समस्या एक सप्ताह में दूर करने के आदेश



पंचकूला, यूटर्न, 16 फरवरी। लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त सतपाल शर्मा ने सेक्टर-21 पार्ट-3 की ड्रेनेज समस्या पर कड़ा रुख अपनाया। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की शिकायत पर उन्होंने नगर निगम को एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## बिजली बिल की त्रुटि 15 दिन में ठीक होगी

ममता रानी द्वारा गलत खाते में बिजली बिल जमा होने की शिकायत पर उपायुक्त ने संबंधित बिजली विभाग को 15 दिनों के भीतर त्रुटि सुधारने के निर्देश दिए।

## सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर जांच

गांव श्यामटू निवासी सतीश कुमार की सड़क निर्माण में अनियमितताओं की शिकायत पर पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता को 5 दिन में जांच रिपोर्ट देने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।

## १२ शिकायतें सुनी, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार आयोजित इस शिविर में कुल 12 समस्याएं रखी गईं। उपायुक्त ने सभी विभागों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

## सिंचाई के लिए वाटर टैंक की मांग

मोरनी तहसील के गांव चाकली बड़ी शेर भोज और दलाना भोज दराड़ा के किसानों ने सिंचाई हेतु वाटर टैंक निर्माण की मांग रखी। इस पर संबंधित अधिकारी को विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बन रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रात: 10 से 12 बजे तक यह शिविर आयोजित किया जाता है, ताकि नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और शिकायतों के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।

# फेज-11 में युवक की किरच से हत्या, आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर फोर्टिस के बाहर प्रदर्शन

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 16 फरवरी। महाशिवरात्रि की रात फेज-11 इलाके में एक युवक की किरच से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गुरजोत सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार और रिश्तेदारों में भारी रोष है और उन्होंने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार सुबह फोर्टिस अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया।



## दूसरे राज्य के बताए जा रहे हमलावर

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमलावर दूसरे राज्य के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

## सीएम तक आवाज पहुंचाने की कोशिश

परिजन बीच सड़क पर धरना देकर बैठ गए। उन्हें जानकारी थी कि मुख्यमंत्री भगवंत मान उसी अस्पताल में दाखिल हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे सीधे मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाना चाहते हैं ताकि मामले में सख्त कार्रवाई हो सके।

## एसएसपी ने संभाला मोर्चा

स्थिति तनावपूर्ण होती देख वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पंजाब पुलिस के एसएसपी ने लोगों को समझाकर शांत किया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। इसके बाद प्रदर्शनकारी धीरे-धीरे हटे।

## जांच जारी

मोहाली 11 फेज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# सेक्टर-31 में जेनरेटर बैटरी चोरी का खुलासा पंचकूला पुलिस की त्वरित कार्रवाई



पंचकूला, यूटर्न, 16 फरवरी। पंचकूला पुलिस ने सेक्टर-31 स्थित सोसायटी में जेनरेटर बैटरियों की चोरी के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा चोरी की 5 बैटरियां व वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की है। 11 फरवरी को बिजली कट के दौरान लिफ्ट बंद होने पर जांच में जेनरेटर बॉक्स का ताला टूटा मिला और बैटरियां गायब पाई गई। शिकायत मिलने पर थाना चण्डीमंदिर में मुकदमा दर्ज कर एएसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। जांच के दौरान आरोपी राजेश राज उर्फ राजू निवासी उपरली सनौली (मोहाली) , गुनजन बजाज निवासी घडोली, जिला यमुनानगर (हाल किरायेदार नाडासाहिब, पंचकूला) को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी की 5 बैटरियां व वारदात में उपयोग की गई कार बरामद की गई। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।पंचकूला पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरबजीत सिंह तूर ने बेटे के 16वें जन्मदिन पर स्कूल के बच्चों को दिऐ बैग

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/फरवरी। पास के गांव माजरी में रहने वाले तूर परिवार ने हर बार की तरह इस बार भी अपने बेटे भूपिंदरजोत सिंह तूर के 16वें जन्मदिन पर स्कूल के बच्चों को बैग बांटे। इस समय सरबजीत सिंह तूर ने बात करते हुए कहा कि मेरे बेटे भूपिंदरजोत सिंह तूर के जन्मदिन की खुशी में, हर बार की तरह इस बार भी हमने अपनी बहू-बेटियों की अच्छी कमाई से दसवां दशबंध निकालकर अपने बेटे की लंबी उम्र की कामना की और स्कूल के बच्चों को बैग बांटे और कहा कि भगवान हर साल ऐसे काम करते रहें। इस समय उनके साथ स्कूल का स्टाफ मौजूद था।



# डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को हाईकोर्ट से राहत नहीं, रिश्वत केस में जमानत अर्जी खारिज

चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत मामले में बड़ा कानूनी झटका लगा है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। इसके चलते भुल्लर फिलहाल मॉडल जेल, चंडीगढ़ में न्यायिक हिरासत में ही रहेंगे। हालांकि आय से अधिक संपत्ति के अलग मामले में उन्हें ट्रायल कोर्ट से पहले ही जमानत मिल चुकी है, लेकिन कथित रिश्वत प्रकरण में राहत नहीं मिली।



**अभियोजन स्वीकृति पर अदालत में जानकारी...**सुनवाई के दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार से अभियोजन की आवश्यक स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे मामले की सुनवाई आगे बढ़ सकती है। एजेंसी ने दलील दी कि मामले में एकत्र साक्ष्य गंभीर प्रकृति के हैं और जांच व न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित होने से बचाने के लिए आरोपी का हिरासत में रहना आवश्यक है।

**बचाव पक्ष की दलीलें...**भुल्लर की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि वह जांच में पूरा सहयोग कर चुके हैं और लंबे समय से जेल में हैं, इसलिए उन्हें नियमित जमानत दी जानी चाहिए। बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि रिश्वत की कोई प्रत्यक्ष मांग या वसूली स्वयं भुल्लर द्वारा नहीं की गई और उन्हें कथित बिचौलिए के बयानों के आधार पर फंसाया गया है।

**क्या है मामला?...**सीबीआई के अनुसार 16 अक्टूबर 2025 को भुल्लर और उनके कथित बिचौलिए कृष्ण के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोप है कि एक पुराने आपराधिक मामले को खत्म करने के बदले 8 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। एजेंसी का दावा है कि बिचौलिए को 5 लाख रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद भुल्लर को मोहाली स्थित कार्यालय से हिरासत में लिया गया।

चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
05 मंगलवार, 17 फरवरी 2026



पेज 12 सेक्टर-17 और सेक्टर-8 में पार्किंग का बड़ा...

# फ्लाईओवर पर टिप्पर खराब होने से लगा 4 किलोमीटर लंबा जाम, वाहन चालक रहे परेशान

डेराबस्सी, यूटर्न, 16 फरवरी। अंबाला-चंडीगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित डेराबस्सी रेलवे फ्लाईओवर पर सोमवार दोपहर एक टिप्पर के अचानक खराब हो जाने से करीब चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार दोपहर के समय फ्लाईओवर के बीचों-बीच एक टिप्पर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते वह वहीं खड़ा हो गया। फ्लाईओवर संकरा होने के कारण पीछे से आ रहे वाहनों की रफ्तार



थम गई और कुछ ही देर में जाम की स्थिति बन गई। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

जाम के कारण दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल वाहनों में सवार बच्चे और अन्य राहगीर घंटों फंसे रहे। कई वाहन चालक गर्मी और देरी के कारण परेशान दिखाई दिए। कुछ लोगों ने ट्रैफिक प्रबंधन पर भी सवाल उठाए और फ्लाईओवर पर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर नाराजगी जताई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभालने का प्रयास शुरू किया।

पुलिस ने क्रेन की मदद से खराब टिप्पर को सड़क के बीच से हटवाकर किनारे कराया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ट्रैफिक को धीरे-धीरे सामान्य किया गया।

ट्रैफिक इंचार्ज सुरिंदर सिंह ने बताया कि टिप्पर में तकनीकी खराबी आने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई थी। वाहन को हटाकर मार्ग पूरी तरह से खोल दिया गया है और अब यातायात सामान्य रूप से चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फ्लाईओवर पर ट्रैफिक व्यवस्था को और मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके।

## MC वन पास के विरोध में उतरे ऑटो चालक, भाजपा कार्यकर्ता सोनू गुप्ता ने खोला मोर्चा

चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। नगर निगम की पार्किंग नीति और टउ वन पास को लेकर ऑटो चालकों में नाराजगी बढ़ती नजर आ रही है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े ऑटो चालक सोनू गुप्ता ने खुलकर विरोध दर्ज कराया है। सोनू गुप्ता का कहना है कि पार्किंग से सवारी उठाने के लिए ऑटो चालकों को पार्किंग शुल्क देना पड़ रहा है, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ रहा है।

**'किराया कम, खर्चे ज्यादा'**

सोनू गुप्ता ने बताया कि यदि कोई ऑटो चालक पार्किंग शुल्क देने से मना करता है तो कंपनी की ओर से उसकी राइड कैंसिल कर दी जाती है। इतना ही नहीं, चालक के खिलाफ शिकायत भी दर्ज हो जाती है, जिससे उसकी आईडी सस्पेंड या कैंसिल होने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा जितनी कमाई नहीं होती, उससे ज्यादा पार्किंग देनी पड़ती है। ऊपर से गैस, चार्जिंग, कंपनी का कमीशन ऐसे में गरीब ड्राइवर घर क्या लेकर जाएगा?



**भाजपा के भीतर से उठा विरोध**

खास बात यह है कि सोनू गुप्ता खुद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं, इसके बावजूद उन्होंने इस नीति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि यह फैसला जमीनी हकीकत से दूर है और मेहनतकश ऑटो चालकों पर अतिरिक्त बोझ डालता है।

**मेयर से हुई बातचीत**

इस मुद्दे को लेकर सोनू गुप्ता ने चंडीगढ़ के मौजूदा मेयर सौरभ जोशी से भी बातचीत की। मेयर ने सुझाव दिया कि ऑटो चालकों के लिए 500 का वन पास बनवाया जा सकता है, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

**आंदोलन की चेतावनी**

हालांकि सोनू गुप्ता का कहना है कि जब तक ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को व्यावहारिक राहत नहीं दी जाती, तब तक विरोध जारी रहेगा। उन्होंने संकेत दिए हैं कि जरूरत पड़ी तो ऑटो चालक एकजुट होकर आंदोलन भी कर सकते हैं। यह मामला अब नगर निगम की पार्किंग नीति और टउ वन पास व्यवस्था पर नए सिरे से बहस छेड़ता नजर आ रहा है।

## कब्रिस्तान के पास बोरवेल लगाने को लेकर विवाद गहराया, नगर परिषद ने कराई जमीन की पैमाइश

जीरकपुर, यूटर्न, 16 फरवरी। गांव छत में कब्रिस्तान के नजदीक बोरवेल लगाने को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को उस समय नया मोड़ ले गया, जब नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची और जमीन की पैमाइश की। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है।

मौके पर डीएम पंकज चौधरी और इंफोर्समेंट विंग के इंस्पेक्टर अशोक कुमार अपनी टीम सहित पहुंचे। अधिकारियों ने फीतों के माध्यम से जमीन की नाप-जोख की और संबंधित पक्षों से बातचीत की।



मुस्लिम भाईचारे के प्रतिनिधियों ने टीम के समक्ष कोर्ट से संबंधित दस्तावेज पेश करते हुए दावा किया कि जिस स्थान पर बोरवेल लगाया जा रहा है, वह उनकी निजी जमीन है और कथित विवादित भूमि से अलग है। समुदाय के सदस्यों का कहना है कि प्रशासन के सामने की गई पैमाइश से यह स्पष्ट हुआ है कि जमीन कब्रिस्तान की सीमा में ही आती है, लेकिन उनका उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद खड़ा करना नहीं, बल्कि पानी की समस्या का समाधान करना है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में लंबे समय से पानी की किल्लत बनी हुई है। पहले लगाया गया हैंडपंप सूख चुका है, जिससे लोगों को दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या के समाधान के लिए समुदाय ने आपसी सहयोग से चंदा इकट्ठा कर समरसेबल बोर करवाने का निर्णय लिया था।

## बुड़ैल जेल में नशा तस्करी की कोशिश नाकाम, कैदी से मिलने आए युवक ने केलों में छिपाईं गोलियां




**चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। पत्नी की हत्या के आरोप में बंद कैदी से मिलने आए एक युवक की चालाकी बुड़ैल जेल में उस वक्त पकड़ में आ गई, जब उसने केलों के भीतर नशे की गोलियां छिपाकर जेल में पहुंचाने की कोशिश की। जेल प्रशासन की सतर्कता से तस्करी का यह प्रयास विफल हो गया और युवक को मौके पर ही पकड़ लिया गया।**

### स्कैनिंग में खुला राज

पुलिस के अनुसार पंचकूला की राजीव कॉलोनी निवासी अभिषेक कुमार अपने दोस्त सचिन भारद्वाज से मिलने बुड़ैल जेल पहुंचा था। सचिन मौलीजागरां का रहने वाला है और पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। अभिषेक अपने साथ केले लेकर आया था, जिनमें उसने नशे की गोलियां छिपा रखी थीं। जेल स्टाफ को संदेह होने पर सामान की स्कैनिंग की गई, जिसमें केले के अंदर छिपाई गई गोलियों का पता चल गया। इसके बाद तुरंत चंडीगढ़ पुलिस को सूचना दी गई।

### दोनों पर केस दर्ज

पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि जेल में बंद सचिन के खिलाफ भी अलग से मामला दर्ज किया गया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि नशे की गोलियां कहां से लाई गईं और इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है।

### जेल सुरक्षा पर कसा शिकंजा

घटना के बाद जेल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मुलाकातियों की जांच और कड़ी की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे प्रयासों पर सख्ती से कार्रवाई होगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आगे और खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

## पी.ए.यू. स्कूल के हर्षित मिश्रा ने रचा इतिहास, राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान




लुधियाना, यूटर्न, 16 फरवरी। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, पी.ए.यू., लुधियाना के मेधावी छात्र हर्षित मिश्रा ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार हासिल कर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने उप-विषय ह्लमनोरंजक गणितीय मॉडलिंगह्व के अंतर्गत अपनी अभिनव और रचनात्मक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। अब हर्षित राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे। हर्षित के प्रोजेक्ट का मार्गदर्शन विद्यालय की गणित अध्यापिका श्रीमती रुमानी आहूजा ने किया। उनके कुशल निर्देशन और छात्र की लगन ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। प्रदर्शनी के दौरान राष्ट्रीय अभिष्कार अभियान की परियोजना प्रबंधक डॉ. रमिंदरजीत कौर तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक गुरमीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों ने हर्षित के मॉडल की मौलिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक उपयोगिता की सराहना की।

Uturn Time 17 Feb 2026_Layout 2 16-02-2026 23:50 Page 6



## Happy Birthday



Shaurya Sharma

# दुनियावी संकटों से मुक्ति दिलाती हैं मां बगलामुखी : महंत प्रवीण चौधरी

## सांसद नरेश बांसल व पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने नतमस्तक हो लिया आशीर्वाद





लुधियाना, यूटर्न, 16 फरवरी। स्थित मां बगलामुखी धाम में आयोजित 11 दिवसीय, 243 घंटे के अखंड यज्ञ के छठे दिन भक्तिभाव और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल मां बगलामुखी के पावन स्वरूप का गंगाजल से अभिषेक कर शुभारंभ किया गया। कोलकाता से विशेष रूप से मंगवाए गए दिव्य वस्त्र एवं बंगाली फूलों से जगत जननी का अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

महामंडलेश्वर कृष्णानंद गिरी जी महाराज एवं जौनी बाबा नानकसर वाले विशेष रूप से यज्ञ





में शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर व राजस्थान से पधारे स्वयंसेवकों सहित लुधियाना की अनेक गणमान्य हस्तियों ने आहुतियां अर्पित कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत प्रवीण चौधरी जी ने कहा कि मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में दी गई आहुतियां जीवन के संकटों, बाधाओं और शत्रुओं से मुक्ति प्रदान करती हैं।

सायंकालीन भजन संध्या में यश भट्टी और भाई मुकेश ने भजनों से भक्तिमय वातावरण बनाया, वहीं महिला संकीर्तन मंडल ने बगलामुखी चालीसा का पाठ किया। सांसद नरेश बांसल व पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने भी नतमस्तक होकर इसे अपना सौभाग्य बताया। धाम के प्रमुख सेवकों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Legal Heir Certificate बनाम Succession Certificate — अंतर क्या है?**

किसी व्यक्ति के निधन के बाद परिवार को अक्सर दो शब्द सुनने को मिलते हैं— Legal Heir Certificate और Succession Certificate। कई लोग इन्हें एक जैसा मान लेते हैं, जबकि दोनों का उद्देश्य और कानूनी महत्व अलग है।

सबसे पहले Legal Heir Certificate समझें। यह प्रमाणपत्र आमतौर पर तहसीलदार या स्थानीय राजस्व अधिकारी द्वारा जारी किया जाता है। इसका उद्देश्य केवल यह प्रमाणित करना है कि मृतक के कानूनी वारिस कौन-कौन हैं। इसका उपयोग पेंशन, सेवा लाभ, सरकारी दावों या रिकॉर्ड अपडेट कराने जैसे मामलों में किया जाता है। यह एक प्रशासनिक दस्तावेज है, न्यायिक आदेश नहीं।

इसके विपरीत Succession Certificate अदालत द्वारा जारी किया जाता है। यह विशेष रूप से मृतक की movable assets—जैसे बैंक जमा, FD, shares, insurance राशि आदि— के लिए आवश्यक होता है। जब बैंक या संस्था को कानूनी सुरक्षा चाहिए होती है कि भुगतान सही व्यक्ति को हो रहा है, तब Succession Certificate की मांग की जाती है। यह सिविल अदालत की प्रक्रिया के बाद जारी होता है और इसका कानूनी वजन अधिक होता है।

मुख्य अंतर यही है—

Legal Heir Certificate = वारिसों की पहचान का प्रशासनिक प्रमाण

Succession Certificate = वित्तीय दावों के लिए अदालत द्वारा दिया गया वैधानिक अधिकार

यह भी ध्यान देने योग्य है कि Legal Heir Certificate अपने-आप बैंक से राशि दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं होता, यदि संस्था Succession Certificate की मांग करे। दोनों दस्तावेजों का क्षेत्र और उपयोग अलग-अलग है।

निष्कर्ष: Legal Heir Certificate और Succession Certificate समान नहीं हैं। एक पहचान बताता है, दूसरा भुगतान का अधिकार सुनिश्चित करता है। सही परिस्थिति में सही दस्तावेज का चयन ही प्रक्रिया को सरल और विवाद-मुक्त बनाता है।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### किस्मत

एक बार एक इन्सान को ऐसा लगने लगा कि उसका परिवार उसी के कारण चलता है। उसके मरने के बाद उसकी पत्नी और बच्चे सब बर्बाद कर देंगे। उन्हें सबक सिखाने के लिए एक दिन वह जंगल में चला गया। उसे लगा उसके परिवार को अक्ल सिखाने का यही सही तरीका है ताकि उन्हें पता चले कि वे लोग उसी की मेहरबानी केकारण पल रहे हैं।

छह महीने जंगल में बिताने के बाद जब वह घर लौटा तो उसका घर पहले से भी सम्पन्न दिख रहा था। घर में खूब खुशियाँ और धन आ चुका था। उसके बेटों ने उससे भी ज्यादा तरक्की कर ली थी।

ऐसा ही धोखा हम सब के मन में भी है, यह दुनिया कभी किसी के कारण नहीं चलती। हर कोई अपनी किस्मत की खाता है।

# महाशिवरात्रि पर राजेश जैन बॉबी ने अनगिनत कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

लुधियाना, यूटर्न, 16 फरवरी। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पंजाब सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य युवरत्न राजेश जैन बॉबी ने शहर में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। उन्होंने अलग-अलग मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।



इस अवसर पर राजेश जैन बॉबी ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आस्था, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि हमें समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देती है तथा जरूरतमंदों की सेवा के लिए प्रेरित करती है।धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ उन्होंने लंगर सेवा में भी सक्रिय रूप से शिरकत की और अपने हाथों से श्रद्धालुओं को लंगर वितरित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।राजेश जैन बॉबी ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।



महाशिवरात्रि पर शेरपुर में दूसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंच पर आम आदमी पार्टी के मीडिया इंचार्ज पुनीत साहनी, सोहन लाल ग्रोवर को सम्मानित करते हलका दक्षिणी के मीडिया वाइस कोआर्डिनेटर दविंदर शेरपुरी, इंद्रजीत सिंह, मनप्रीत, जग्गू, धनु सिंह, अक्षित गुप्ता व अन्य।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# एआई समिट शॉक: दिल्ली के होटल सुइट्स की कीमत एक रात के लिए 15 से 30 लाख के बीच बढ़ी

चंडीगढ़/यूटर्न/16 फरवरी। नई दिल्ली में होटल के किराए में इतनी बढ़ोतरी देखी जा रही है जितनी पहले कभी नहीं हुई, क्योंकि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 आज शुरू हुआ, टॉप फाइव-स्टार प्रॉपर्टीज में लग्जरी सुइट्स की कीमत एक रात के लिए 30 लाख तक पहुँच गई है। यह जबरदस्त बढ़ोतरी इस बात को दिखाती है कि समिट ने दुनिया भर का कितना ध्यान खींचा है और इसने राजधानी के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर कितना दबाव डाला है। भारत मंडपम में हो रहे इस समिट में 100 से ज्यादा देशों के 35,000 से ज्यादा डेलीगेट्स आए हैं। गेस्ट लिस्ट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी सीईओज पॉलिसीमेकर्स, इन्वेस्टर्स, डिप्लोमैट्स और सीनियर सरकारी अधिकारी शामिल हैं। इतने बड़े लेवल पर लोगों के आने से, प्रीमियम अकोमोडेशन की डिमांड बहुत बढ़ गई है, जिससे रूम के रेट्स इतने बढ़ गए हैं जितने भारत में बहुत कम देखे जाते हैं।




## होटल ऑपरेटर्स का मानना बढ़ोतरी

दूसरी ओर, होटल ऑपरेटर्स का कहना है कि यह बढ़ोतरी टेम्परेरी है और मार्केट से प्रेरित है। वे बताते हैं कि इस लेवल के ग्लोबल इवेंट्स में अक्सर न्यूयॉर्क, लंदन या दुबई जैसे शहरों में प्रीमियम रेट्स लगते हैं। उनका तर्क है कि भारत के लिए, यह समिट एक मील का पत्थर है, यह देश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डायलॉग और हाई-लेवल इंटरनेशनल एंगेजमेंट के लिए एक सीरियस ग्लोबल हब के तौर पर स्थापित करता है।

## समिट के दौरान होटल फुल ऑक्यूपेंसी पर

दिल्ली के कई सबसे मशहूर होटलों ने बताया है कि समिट के दौरान होटल लगभग फुल ऑक्यूपेंसी पर हैं। द ओबेरॉय, नई दिल्ली और ताज पैलेस, नई दिल्ली जैसी बड़ी प्रॉपर्टीज में, जिन सुइट्स की कीमत आम तौर पर लगभग एक लाख रुपये होती है, वे अब टैक्स मिलाकर 25-30 लाख प्रति रात के हिसाब से मिल रहे हैं। यहाँ तक कि स्टैंडर्ड फाइव-स्टार कमरे, जिनकी कीमत आम तौर पर 20,000 और 40,000 के बीच होती है, कथित तौर पर पीक समिट के दिनों में 4-5 लाख में लिस्ट किए जा रहे हैं।

## सप्लाई और डिमांड का एक क्लासिक मामला

हॉस्पिटैलिटी के जानकार इस बढ़ोतरी को सप्लाई और डिमांड का एक क्लासिक मामला बताते हैं। ऑफिशियल डेलीगेशन और कॉर्पोरेट बुकिंग के लिए महीनों पहले से ही बड़ी संख्या में कमरे बुक कर लिए गए थे, जिससे देर से होने वाली बुकिंग के लिए उपलब्धता बहुत कम हो गई। ग्लोबल एग्जीक्यूटिव और विदेशी बड़े लोग हाई-सिक्योरिटी, सेंट्रली लोकेटेड रहने की जगह चाहते हैं, इसलिए प्रीमियम इन्वेंट्री खास तौर पर कम हो गई है।

## तेजी से छेड़ दी नई बहस

हालाँकि, इस तेज बढ़ोतरी ने बहस छेड़ दी है। इंडस्ट्री के जानकारों का तर्क है कि जहाँ मेगा-इवेंट्स के दौरान प्रीमियम प्राइसिंग दुनिया भर में आम है, वहीं दिल्ली में इस बढ़ोतरी से भारत के होस्टिंग इकोसिस्टम के बारे में मिला-जुला मैसेज जाने का खतरा है। कुछ बिजनेस लीडर्स ने पब्लिकली टैरिफ में ह्लबहुत ज्यादाह्न बढ़ोतरी की आलोचना की है, और चेतावनी दी है कि इससे मिड-साइज कंपनियों और इंडिपेंडेंट प्रोफेशनल्स को देश में भविष्य में होने वाली इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने से रोका जा सकता है।

## रेगुलर ट्रैवलर्स के लिए बढ़ी मुश्किलें

रेगुलर ट्रैवलर्स के लिए, टाइमिंग मुश्किल साबित हुई है। कई लोगों ने बुकिंग सैटेलाइट टाउन में शिफ्ट कर दी है या मिड-रेंज और बजट होटल्स को चुना है जो तुलनात्मक रूप से सस्ते रहते हैं। ट्रैवल प्लानर्स का कहना है कि यह इवेंट राजधानी में हाई-एंड रूम कैपेसिटी बढ़ाने की तुरंत जरूरत को दिखाता है, खासकर तब जब भारत बड़े ग्लोबल समिट्स होस्ट करना जारी रखे हुए है। जैसे ही एआई समिट अपने दरवाजे खोल रहा है, रूम के ऊंचे रेट्स अपने आप में चर्चा का विषय बन गए हैं, यह इस बात का एक नाटकीय प्रतीक है कि ग्लोबल स्पॉटलाइट अब पूरी तरह से नई दिल्ली पर टिकी हुई है।

# सेक्टर-31 थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग गिरोह का भंडाफोड़, 12 मोबाइल बरामद

चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-31 थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग और लूट की वारदातों में शामिल एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक 17 वर्षीय नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 12 लूटे गए मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, पर्स और नकदी बरामद की गई है।

यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर और एसडीपीओ (साउथ) की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-31 के एसएचओ इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने एफआईआर नंबर 27 दिनांक 15.02.2026 (धारा 309(6), 3(5), 317(2) बीएनएस) के तहत 19 वर्षीय आशुतोष यादव, निवासी हल्लोमाजरा, को गिरफ्तार किया।

मामला हिमाचल निवासी वरुण कुमार की शिकायत पर दर्ज हुआ, जिनसे 11 फरवरी को ट्रिब्यून चौक के पास मारपीट कर पर्स, मोबाइल और एटीएम कार्ड लूट लिया गया था। जांच के दौरान लूटा गया मोबाइल और एटीएम कार्ड बरामद हुआ।

आरोपी पर पहले से दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।



# रास्ते में जा रही महिला पर फेंका तेजाब, चेहरा बुरी तरह से झुलसा, पीजीआई रेफर

लुधियाना/यूटर्न/16 फरवरी। दुगरी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां लेबर का काम करने वाली 40 वर्षीय महिला पर राह जाते हुए एक अज्ञात युवक ने तेजाब फेंक दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। तेजाब फेंकने के कारण महिला की आंखें, चेहरा बुरी तरह से झुलसा है। महिला को तुरंत सिविल अस्पताल दाखिल कराया गया। लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार गुरु ज्ञान विहार, दुगरी इलाके में पीड़िता सावित्री (40) दोपहर खाना खाने के लिए आई थी। इसी दौरान बाइक पर एक व्यक्ति मौके पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने सिर पर हेल्मेट पहन रखा था। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पहले सावित्री को अपने पास बुलाया और जैसे ही वह नजदीक आई, उसने बोतल में रखा तेजाब उसके चेहरे पर डाल दिया और तुरंत वहां से भाग निकला। प्रत्यक्षदर्शी लजावती ने बताया कि हमला अचानक हुआ और किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। सवित्री हमारी बुआ लगती है। सभी हम मजदूरी का काम करता है। वह कई वर्षों से लुधियाना में ही रह रही है। उनके तीन बच्चे है। भतीजी नीशा ने कहा कि वह और उसकी बुआ दोनों काम कर रहे थे। उस समय मिक्सचर मशीन में मसाला तैयार किया जा रहा था। हम दोनों खाना खाने की बातें कर रहे थे। तभी बाइक सवार आरोपी आया, उसने सावित्री को बुलाया और तुरंत तेजाब डालकर फरार हो गया।



# शिव शक्ति काली माता मंदिर में हवन व भंडारे का आयोजन



दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 16 फरवरी। रेलवे स्टेशन स्थित शिव शक्ति काली माता मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर हवन यज्ञ करवाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां डालीं। इसके पश्चात विशाल लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें चना पूरी और आइस क्रीम वितरित किए गए। इस अवसर पर विक्रांत खन्ना, वरिंदर गागट, ऋषि गर्ग, हरपाल ढिल्लों, संदीप गाबा, नितिन नय्यर, अरविंद यादव, अभिषेक यादव, पवन कुमार, आरव गाबा आदि विशेष तौर पर शामिल हुए।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर लंगर का आयोजन

लुधियाना, यूटर्न, 16 फरवरी। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर कपूर मार्किट दरेसी रोड़ शॉपकीपर एसोसिएशन की ओर से लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह विशेष तौर पर शामिल हुए। आए हुए मेहमानों का मार्किट के प्रधान सुखविंदर भल्ला, विजय शर्मा, अनिल धीर, जसवंत सिंह, गुरमुख आहूजा, अंकुश चावला, चंद्र रुद्रा आदि ने स्वागत किया।



Uturn Time 17 Feb 2026_Layout 2 16-02-2026 23:50 Page 8



# पहले 'चायवाला' मजाक, अब 'राहुलवादी नहीं': अय्यर के गुस्से ने कांग्रेस में फूट को उजागर किया

चंडीगढ़/यूटर्न/16 फरवरी। इंडियन नेशनल कांग्रेस एक बार फिर मुश्किल में पड़ गई है, जब सीनियर लीडर मणिशंकर अय्यर ने ऐसे बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया जिससे पार्टी को शर्मिंदगी हुई और अंदरूनी गहरे तनाव सामने आए।

ऐसे समय में जब कांग्रेस देश भर में राजनीतिक रफ़्तार वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही है, अय्यर के नए दखल ने लीडरशिप को जाने-पहचाने डैमेज-कंट्रोल मोड में आने पर मजबूर कर दिया है। अय्यर, जो अपने बेबाक और अक्सर भड़काऊ अंदाज के लिए जाने जाते हैं, ने केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार की तारीफ करके और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के एक और टर्म की भविष्यवाणी करके माहौल गरमा दिया। केरल में लेफ्ट की मुख्य विपक्षी पार्टी के लिए, ये बयान राजनीतिक रूप से अजीब थे। कांग्रेस नेताओं ने तुरंत उनसे दूरी बना ली, और उनके विचारों को निजी बताया और कहा कि वे पार्टी की पॉलिसी को नहीं दिखाते।



## कांग्रेस के अंदर स्ट्रक्चरल प्रॉब्लम

मोटे तौर पर, यह घटना कांग्रेस के अंदर एक स्ट्रक्चरल प्रॉब्लम को दिखाती है: इंडिपेंडेंट पॉलिटिकल आइडेंटिटी वाले पुराने नेताओं का एक साथ होना और एक सेंट्रल लीडरशिप जो अथॉरिटी को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। एक पक्की, एक जैसी कम्युनिकेशन स्ट्रैटेजी की कमी से कभी-कभी होने वाले गुस्से पॉलिसी मैसेजिंग और चुनावी प्लानिंग पर हावी हो जाते हैं।

## राहुल व लीडरशिप के लिए चुनौती दोहरी

राहुल गांधी और मौजूदा लीडरशिप के लिए, चुनौती दोहरी है, पुराने नेताओं को बिना अलग किए मैनेज करना, और वोटरों के सामने एक भरोसेमंद दूसरा नैरेटिव पेश करना। जब तक कांग्रेस अपने अंदरूनी झगड़ों को सुलझा नहीं लेती और ज्यादा कड़ा ऑर्गेनाइजेशनल डिसिप्लिन लागू नहीं करती, तब तक उसे अपने एजेंडा से नहीं, बल्कि समय-समय पर खुद से पैदा किए गए विवादों से डिफाइन किए जाने का खतरा है। आखिर में, अय्यर की बातें एक नेता की साफगोई के बारे में कम और एक ऐसी पार्टी के बारे में ज्यादा हैं जो लगातार मुश्किल होते जा रहे पॉलिटिकल माहौल में तालमेल और कंट्रोल की तलाश में है।

## हम राहुलवादी नहीं हैं

मामला तब और बिगड़ गया जब अय्यर ने सबके सामने ऐलान किया कि वह गांधीवादी, नेहरूवादी, राजीववादी हैं, लेकिन राहुलवादी नहीं और उन्होंने राहुल गांधी पर हल्के से निशाना साधा। उन्होंने पवन खेड़ा समेत पार्टी के बड़े नेताओं पर भी निशाना साधा और मौजूदा लीडरशिप सर्कल की अथॉरिटी पर सवाल उठाए। इन बातों से भारतीय जनता पार्टी को बढ़ावा मिला, जिसने लंबे समय से कांग्रेस को बंटा हुआ और दिशाहीन दिखाया है।

## पहले भी कई मजाक से हुआ नुकसान

यह कोई अकेला मामला नहीं है। अय्यर की पिछली बातों जिसमें सालों पहले का बदनाम चायवाला वाला मजाक भी शामिल है, की वजह से पार्टी को पहले भी राजनीतिक तौर पर नुकसान उठाना पड़ा है। जो बात इस नए विवाद को अहम बनाती है, वह है इसकी टाइमिंग। कांग्रेस लगातार चुनावी हार के बाद खुद को फिर से खड़ा करते हुए एकता और मकसद दिखाने की कोशिश कर रही है। इसके बजाय, अंदरूनी मतभेद सबके सामने आ गए हैं।

## पार्टी जवाब नाजुक बैलेंसिंग एक्ट दशार्ता

पार्टी का जवाब एक नाजुक बैलेंसिंग एक्ट दिखाता है। एक तरफ, वह सीनियर नेताओं के साथ खुली डिसिप्लिनरी लड़ाई का जोखिम नहीं उठा सकती। दूसरी तरफ, बार-बार सार्वजनिक रूप से विरोधाभास उसकी क्रेडिबिलिटी को कमजोर करते हैं। विवादित बातों को 'पर्सनल राय' कहने का ट्रेंड सख्त मैसेज डिसिप्लिन लागू करने में ऑर्गेनाईजेशन की हिचकिचाहट को दिखाता है।

# हरियाणा के पलवल में पानी के खराब होने से 15 दिनों में 12 मौतें

चंडीगढ़/यूटर्न/16 फरवरी। हरियाणा के पलवल के छायंसा में 15 दिनों में पांच बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। खराब पीने के पानी और फैलने वाली बीमारियों के फैलने की बढ़ती चिंताओं के बीच हेल्थ डिपार्टमेंट ने जांच शुरू कर दी है। हेल्थ अधिकारियों ने कहा कि जनवरी के आखिर और फरवरी के बीच हुई मौतें लिवर से जुड़ी गंभीर दिक्कतों से जुड़ी थीं। शुरूआती जांच में वायरल हेपेटाइटिस और पानी के खराब होने की बात सामने आई है। 31 जनवरी को, छायंसा गांव में पीलिया से जुड़ी मौतों की खबर सबसे पहले मिली थी। छायंसा गांव में 5,700 लोग और 865 घर हैं। एक दिन बाद रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात की गई। इसके बाद मेडिकल कैंप, घर-घर सर्वे और गांववालों की स्क्रीनिंग शुरू की गई।



## 23 सैंपल हुए फेल

**अब तक इकट्ठा किए गए 107 घरेलू पानी के सैंपल में से 23 क्वालिटी चेक में फेल हो गए, जिससे बैक्टीरियल कंटैमिनेशन और क्लोरीनेशन की कमी का पता चला। टेस्टिंग के एक और राउंड में स्टोरेज टैंक में कोलीफॉर्म बैक्टीरिया का पता चला। सुधार के कदम उठाए जाने से पहले दर्जनों सैंपल में क्लोरीन नहीं पाया गया। यहां के लोग पानी की सप्लाई, अंडरग्राउंड स्टोरेज टैंक और टैंकरों पर निर्भर हैं। आस-पास के इलाकों से रिवर्स ऑस्मोसिस-ट्रीटेड पानी लाया गया है। अंडरग्राउंड टैंकों को रेगुलर रीफिलिंग और खराब डिसइंफेक्शन से पानी से होने वाले इन्फेक्शन का डर बढ़ गया है।**

## चार मौतों का कारण एक्यूट हेपेटाइटिस या लिवर फेलियर

सात मौतें 27 जनवरी और 11 फरवरी के बीच हुईं। चार मौतें एक्यूट हेपेटाइटिस या लिवर फेलियर की वजह से हुईं। मरने वालों की उम्र नौ से 65 साल के बीच थी। बाद में हुई दूसरी मौतों का रिव्यू किया जा रहा है। ज्यादातर मरीजों ने हालत बिगड़ने से पहले बुखार, पेट दर्द, उल्टी और पीलिया की शिकायत की। ये मौतें पिछले महीने मध्य प्रदेश के इंदौर में जहरीले पानी से 16 लोगों की मौत के कुछ हफ़्ते बाद हुईं, जिससे पूरे देश में गंदे पीने के पानी को लेकर चिंता बढ़ गई।

## 1500 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

अब तक, मरने वालों के करीबी लोगों समेत लगभग 1,500 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। लगभग 800 आउटपेशेंट कंसल्टेशन किए गए हैं, और हेपेटाइटिस ए, बी, सी और ई के लिए ब्लड सैंपल टेस्ट किए गए। 210 लोगों के ब्लड एनालिसिस में हेपेटाइटिस बी के दो और हेपेटाइटिस सी के नौ पॉज़िटिव केस मिले। सभी सैंपल हेपेटाइटिस ए और ई के लिए नेगेटिव पाए गए। स्क्रब टाइफस के रिजल्ट का इंतजार है। तीन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

## प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी

अधिकारियों ने कहा कि लेप्टोस्पायरोसिस टेस्ट नेगेटिव आए और जानवरों के डॉक्टरों की जांच में जानवरों से जुड़े इन्फेक्शन की बात से इनकार किया गया। बचाव के तौर पर, पानी साफ करने के लिए करीब 15,000 हैलोजन टैबलेट बांटी गई हैं, और एक हेल्पलाइन (01275-240022) शुरू की गई है। एक दूसरे हेल्थ अधिकारी ने कहा कि जांच जारी है। हम मौतों की सही वजह का पता लगाने के लिए मेडिकल, एनवायरनमेंटल और बिहेवियरल फैक्टर्स की जांच कर रहे हैं।

# बाथरूम की दीवार गिरने से छात्रा आजीवन अपंग, हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय पर ठोका 1.37 करोड़ का हर्जाना



चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। परिसर की सुरक्षा में गंभीर चूक को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंडी गोबिंदगढ़ स्थित देश भगत विश्वविद्यालय और उसे संचालित करने वाली आसरा फाउंडेशन को 1.37 करोड़ रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मुआवजा 2013 में हुए हादसे में 100 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता का शिकार हुई छात्रा को दिया जाएगा।

## लापरवाही से उजड़ा भविष्य

हाईकोर्ट की खंडपीठ जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस विकास सूरी ने माना कि बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा संदीप कौर विश्वविद्यालय परिसर में बने बाथरूम के पास बैठी थी, तभी अचानक दीवार गिर गई। मलबे में दबने से उसकी रीढ़ की हड्डी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई और वह पूरी तरह दिव्यांग हो गई।

## इलाज का वादा, पर अधूरा सहयोग

हादसे के बाद छात्रा को पहले मंडी गोबिंदगढ़ के सिविल अस्पताल, फिर चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल और बाद में पंचकूला के अलकेमिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, विश्वविद्यालय ने इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया था, लेकिन वास्तव में केवल 2.25 लाख रुपये ही दिए गए।

## सुरक्षा विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी

अदालत ने साफ कहा कि कैंपस में मौजूद इमारतों का रखरखाव विश्वविद्यालय का दायित्व है। यदि किसी संरचना के गिरने से छात्र को नुकसान होता है, तो संस्थान पर 'विकारियस लायबिलिटी' लागू होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में 'रेस इप्सा लोकीटर' का सिद्धांत लागू होता है घटना स्वयं लापरवाही का प्रमाण है।

## अनुच्छेद 21 का उल्लंघन

हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि सुरक्षित वातावरण में शिक्षा पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार है। यदि संस्थान इस सुरक्षा में विफल रहता है और छात्र का जीवन स्थायी रूप से प्रभावित होता है, तो उचित मुआवजा देना अनिवार्य है।

## ब्याज सहित भुगतान के आदेश


मुआवजे की गणना में संभावित आय, भविष्य के इलाज, दो सहायकों का खर्च, पीड़ा-कष्ट, विवाह संभावनाओं पर असर, विशेष आहार और परिवहन जैसे पहलुओं को शामिल किया गया। कुल 1,37,24,000 रुपये की राशि तय की गई, जिस पर 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा।


Uturn Time 17 Feb 2026_Layout 2 16-02-2026 23:50 Page 9




# पंजाब विधानसभा हल्कों के 117 इंचार्ज लगाने पर भाजपा के राजनेताओं की आपस में खटकने की चर्चाएँ, लिस्टें भी हटाई

पंजाब/यूटर्न/16 फरवरी। हाल ही में मोगा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बड़ी रैली होने की घोषणा हुई है। जिसके बाद भाजपा के संगठन मंत्री श्री निवासलु द्वारा पंजाब विधानसभा के 117 हल्कों के इंचार्ज लगाए गए। उन इंचार्जो के नाम व विधानसभा सीट सहित भाजपा द्वारा अपने फेसबुक पेज पर लिस्टों की पोस्ट भी डाली गई। लेकिन सोमवार को यह पोस्ट डिलीट कर दी गई है। चर्चा है कि इन इंचार्जो में कई नामों को लेकर भाजपा के पंजाब प्रधान सुनील जाखड़, कार्यकारी प्रधान अश्वनी शर्मा और संगठन मंत्री श्री निवासलु में आपस में खटक गई। जिसके बाद तुरंत इन नियुक्तियों को वापिस ले लिया गया है। हालांकि इस संबंध में अभी तक भाजपा के नेताओं द्वारा आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। लेकिन एकदम से भाजपा के पेज से पोस्ट डिलीट होना और इसी के साथ साथ इंचार्ज नियुक्त किए ज्यादातर नेताओं द्वारा भी पोस्ट डिलीट करने के कारण यह मामला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।







## विधानसभा 2027 चुनावों का होना है आगाज

भारतीय जनता पार्टी ग्रैंड तरीके से पंजाब में चुनावी बिगुल फूंकने जा रही है। जिसके चलते मोगा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बड़ी रैली करेंगे। भाजपा इस रैली से विधानसभा चुनाव 2027 के चुनावी सफर का आगाज करेगी। इस मोगा रैली को ग्रैंड शो बनाने के लिए 117 विधानसभा क्षेत्रों में हलका इंचार्ज नियुक्त किए गए थे। हलका इंचार्ज अपने-अपने हलकों से कार्यकताओं व आम लोगों को रैली में लेकर जाना था।

**इंचार्जों में ज्यादातर पहले चुनाव लड़ चुके लीडर...**वहीं चर्चा है कि भाजपा द्वारा जिन 117 नेताओं को इंचार्ज नियुक्त किया गया था, उसमें ज्यादातर वे लीडर थे, जो पहले भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। ऐसे में राजनीतिक चर्चाएं छिड़ गई कि शायद 2027 चुनाव में भी यह संभावी उम्मीदवार हो सकते हैं। वहीं इन लिस्ट में कई नाम ऐसे थे जिन्हें या तो बदल दिया गया था या फिर उन्हें किसी अन्य विधानसभा हलकों की जिम्मेदारी दे दी गई थी। चर्चा है कि इससे भाजपा के नेताओं ने खासी नाराजगी दिखाई दे रही थी। इस नाराजगी को देखते हुए पार्टी ने इस सूची को वापिस ले लिया है।

# उधर, पंजाब कांग्रेस की चंडीगढ़ में बैठक, वड़िंग बोले - डिप्टी सीएम संवैधानिक पद नहीं, लेकिन कांग्रेस में लगाना है, तो यह हाईकमान का फैसला

पंजाब/यूटर्न/16 फरवरी। पंजाब कांग्रेस मिशन 2027 की तैयारी में जुट गई है। मनरेगा की रैलियां संपन्न होने के बाद अब पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल व प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की अगुवाई में चंडीगढ़ में अहम मीटिंग कर रहे है। एक के बाद एक तीन मीटिंग इस दौरान होनी है। इस मौके कांग्रेस प्रधान ने मीडिया से बातचीत में कई सवालों के जवाब दिए। जब मीडिया ने सवाल किया पंजाब में दो डिप्टी सीएम लगाए जा रहे है। इस पर उनका जवाब था कि यह पद संवैधानिक नहीं है। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या इस बार कांग्रेस ऐसा नहीं करेगी। तो उनका जवाब था कि यह फैसला हाई कमान ने लेना है। यह मेरा कार्य क्षेत्र नहीं है। वह चाहे पांच लगा दे। आपके सामने चार साल पांच महीने तो निकल गए हैं। दूसरा, डिप्टी सीएम कोई संवैधानिक पद नहीं होता है। यह मंत्री ही होता है। डिप्टी सीएम कोई संवैधानिक पद नहीं है। यूं ही किसी का दिल बहलाना होता है। पता नहीं बना भी रहे हैं या नहीं।




## बैंड बाजे वाले बयान पर प्रताप सिंह बाजवा को राहत, हाईकोर्ट ने पंजाब एससी कमीशन के नोटिस पर रोक लगाई

पंजाब/यूटर्न/16 फरवरी। पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को उनके बैंड-बाजे वाले बयान मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने पंजाब एससी आयोग के नोटिस पर स्टे लगा दिया है। साथ ही, अदालत ने पंजाब सरकार को भी नोटिस जारी किया है। 7 फरवरी 2026 को अमृतसर के जंडियाला गुरु में कांग्रेस की मनरेगा के खिलाफ रैली आयोजित की गई थी। इस दौरान जब प्रताप सिंह बाजवा जनता को संबोधित कर रहे थे, तो उन्होंने कहा था, यहां वाला हरभजन सिंह ईटीओ पहले बैंड बजाता रहा है। मेरे भाइयों, शायद आपको पता नहीं होगा कि बड़े स्तर पर जो महकमा उसके पास है, उसमें लूट हो रही है। अब यह बैंड बजाने वाला नहीं रह गया है। इसने तो पंजाब का बैंड बजाना शुरू कर दिया है। इसलिए इसका बैंड अच्छी तरह बजाएंगे। यह हमारी वचनबद्धता है। नोट कर लो, हम भागने वाले नहीं हैं।ह्वयह बयान उन्होंने आयोजित जनसभा के दौरान दिया था। इस मामले में दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई 16 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है। इसके बाद आयोग ने मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें 11 फरवरी को तलब किया था।



## मैगी के 50 साल पूरे, जारी हुआ स्मारक डाक टिकट



लुधियाना, यूटर्न, 16 फरवरी। नेस्ले इंडिया ने भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। मोगा में आयोजित समारोह में इस विशेष डाक टिकट का अनावरण उपायुक्त मोगा श्री सागर सेतिया (आईएएस) और नेस्ले इंडिया के मोगा कारखाने के फैक्ट्री मैनेजर श्री कमल माथुर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मोगा के विधायक श्री दविंदर सिंह लाडी धोस भी उपस्थित रहे। पिछले पाँच दशकों में मैगी भारतीय घरों का अहम हिस्सा बनी रही है। नूडल्स से शुरूआत कर आज यह ब्रांड मसालों, सॉस, सूप और रेडी-टू-कुक उत्पादों तक विस्तार कर चुका है। हॉस्टल के कमरों से लेकर पारिवारिक रसोई और बड़े आयोजनों तक, मैगी अनगिनत यादों और स्वादों से जुड़ी रही है। ह्व50 ईयर्स ऑफ टुगेदरनेसह्व थीम पर जारी यह डाक टिकट इन्हीं साझा पलों को समर्पित है। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनीष तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि उपभोक्ताओं के विश्वास और स्नेह का प्रतीक है।

## संत बाबा संतोख सिंह और सभी महान लोगों की याद में, इंसानियत की भलाई के लिए ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया



सुनील पांडेय

लुधियाना / यूटर्न / डेरा ज्योति सरूप साहिब के संत बाबा किशन सिंह जी, संत बाबा संतोख सिंह जी, संत बाबा दर्शन सिंह जी की मीठी याद में, उनकी सालाना बरसी पर और डेरा ज्योति सरूप के सरपरस्त बाबा बलजिंदर सिंह जी की प्रेरणा से, इंसानियत की भलाई के लिए, भाई घनैया जी मिशन सेवा सोसाइटी की तरफ से चीफ सेवादार जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा की लीडरशिप में गुरुद्वारा डेरा ज्योति सरूप, चुन्नी रोड में 867वां महान ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इस मौके पर संत बाबा बलजिंदर सिंह जी, बाबा हरप्रीत सिंह जी, परम आदरणीय माता दलजीत कौर जी ने सभी महान लोगों की याद में लगाए गए महान ब्लड डोनेशन कैंप की तारीफ की और खून देने वाले लोगों की हिम्मत बढ़ाई और उन्हें तारीफ का सर्टिफिकेट और सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाई घन्हैया जी मिशन सेवा सोसाइटी के मुख्य सेवादार तरनजीत सिंह निमाणा ने कहा कि ब्लड इंडस मेडिसिटी हॉस्पिटल के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप के दौरान इकट्ठा किया गया खून जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त में दिया जाएगा। इस मौके पर बीबी रविंदर कौर, जैस्मिन कौर, हरमनजोत सिंह, हरसिमर कौर, बाबा गुरमेल सिंह, वरुण सिंह दिल्ली, हरजिंदर सिंह पिपली, अमनदीप सिंह करनाल, सरबजीत सिंह सोहल, डॉ. अरोड़ा आदि मौजूद थे।

## लिफ्ट देना पड़ा महंगा, दो युवकों ने फाइनेंस कारोबारी से झपटी सोने की चेन

जीरकपुर, यूटर्न, 16 फरवरी। अंबाला से लौट रहे एक फाइनेंस कारोबारी को दो युवकों को लिफ्ट देना भारी पड़ गया। रास्ते में आरोपियों ने उसकी सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। थाना जीरकपुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गुरप्रीत सिंह (36), निवासी सेक्टर-117, एसएएस नगर, मूल निवासी गांव नियामतपुर, तहसील राजपुरा, जिला पटियाला ने शिकायत में बताया कि 15 फरवरी की रात करीब 11:50 बजे वह अंबाला से जीरकपुर लौट रहे थे। अंबाला बस स्टैंड के पास दो युवकों ने उनसे जीरकपुर तक लिफ्ट मांगी। उन्होंने मानवता के नाते दोनों को अपनी कार में बैठा लिया।

पटियाला चौक के पास पहुंचते ही एक युवक ने उनकी बांह पकड़ ली, जबकि दूसरे ने गले में पड़ी करीब दो तोले वजनी सोने की चेन और लॉकेट झपट लिया। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से भागने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने एक आरोपी को पकड़ भी लिया, लेकिन वह हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। पीड़ित ने आरोपियों की पहचान रविंदर सिंह और गौरव के रूप में बताई है। उन्होंने कहा कि सामने आने पर वह दोनों को पहचान सकते हैं। थाना जीरकपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी जीरकपुर में लिफ्ट देकर लूट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बीते वर्ष पटियाला चौक के नजदीक एक व्यक्ति से नकदी और मोबाइल झपटने का मामला दर्ज हुआ था। लगातार हो रही ऐसी वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि रात के समय अजनबियों को लिफ्ट देने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

Uturn Time 17 Feb 2026_Layout 2 16-02-2026 23:50 Page 10



# मनीमाजरा में कुत्ते के काटने से शुरू हुआ विवाद, दो पक्षों में पथराव-डंडेबाजी; CCTV में कैद झड़प

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। मनीमाजरा क्षेत्र में सात वर्षीय बच्चे को कुत्ते द्वारा काटे जाने की घटना ने रविवार दोपहर हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दो पड़ोसी पक्ष आमने-सामने आ गए और मामला हाथापाई से पथराव व डंडेबाजी तक पहुंच गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। दोनों पक्षों ने चंडीगढ़ पुलिस को शिकायत सौंप दी है।

## ऐसे शुरू हुआ विवाद

बच्चे के पिता सुमित जो पुलिस विभाग में कार्यरत बताए जा रहे हैं, के अनुसार उनका बेटा छत पर क्रिकेट खेल रहा था। गेंद नीचे गिरने पर वह लेने गया, तभी पड़ोस में मौजूद कुत्ते ने उसे काट लिया। सुमित का कहना है कि वह बेटे को टीका लगवाने ले जा रहे थे, तभी कुत्ते के मालिक साहिल से उनकी कहासुनी हो गई। सुमित का आरोप है कि बहस के दौरान साहिल ने अपने परिजनों को बुला लिया और उनके साथ मारपीट की गई। बीच-बचाव करने आए कुछ अन्य युवकों को भी चोटें आई। अंकित और सुनील नामक दो युवक घायल बताए जा रहे हैं।







## CCTV में कैद पूरी वारदात

घटना स्थल के पास लगे कैमरों में दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी बहस और फिर मारपीट साफ दिखाई दे रही है। फुटेज में कुछ युवक आते ही झगड़े में शामिल होते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## जांच जारी

मामले को लेकर मनीमाजरा पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायतों की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल इलाके में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त गश्त बढ़ा दी गई है।

## दूसरी तरफ का दावा

कुत्ते के मालिक साहिल का कहना है कि घटना अचानक हुई और उन्होंने तुरंत बच्चे को छुड़ाया। उनका दावा है कि उन्होंने हाथ जोड़कर माफी भी मांगी और इलाज का खर्च उठाने की पेशकश की। साहिल के मुताबिक, इसके बाद दूसरे पक्ष की ओर से कई लोग बुला लिए गए, जिन्होंने डंडों से हमला किया। इस झड़प में उनके भाई दीपक और भांजे अरमान के घायल होने की बात कही जा रही है।

# चंडीगढ़ में HIV का अलार्म: एक साल में 102% उछाल, मौतें दोगुनी; हर 208वां नागरिक संक्रमित

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। संक्रमण के आंकड़ों ने एक बार फिर स्वास्थ्य प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राज्यसभा में पेश ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में चंडीगढ़ में एचआईवी के 166 नए मामले सामने आए, जबकि 2023 में यह संख्या 82 थी। यानी महज एक साल में मामलों में 102 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## मौतों में भी तेज उछाल

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में एचआईवी से 17 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 35 हो गया। एक ही साल में मौतों का दोगुना होना सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी माना जा रहा है।

## 2030 तक HIV खत्म करने का लक्ष्य


संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2015 में 2030 तक एचआईवी को समाप्त करने का लक्ष्य तय किया था। इसके तहत यूएनएड्स ने 90-90-90 लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस लक्ष्य के अनुसार—

- 90% लोगों को अपनी एचआईवी स्थिति की जानकारी हो
- 90% संक्रमित लोगों को नियमित इलाज मिले
- इलाज ले रहे 90% मरीजों में संक्रमण नियंत्रित रहे

हालिया आंकड़े बताते हैं कि चंडीगढ़ में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जागरूकता, समय पर जांच और इलाज की पहुंच को और मजबूत करने की जरूरत है।



## हर 208वां व्यक्ति संक्रमित

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024-25 तक चंडीगढ़ में कुल 5,996 एचआईवी संक्रमित पंजीकृत किए गए हैं। इसका अर्थ है कि शहर में हर 208वां व्यक्ति एचआईवी के साथ जीवन जी रहा है।

## नौकरीपेशा लोगों में भी संक्रमण

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एचआईवी संक्रमित पंजीकृत मरीजों में करीब 45 प्रतिशत लोग नौकरीपेशा हैं, जो सरकारी या निजी क्षेत्रों में कार्यरत हैं। यह धारणा भी टूटती दिख रही है कि एचआईवी केवल ट्रक चालकों या प्रवासी श्रमिकों तक सीमित है।

## पीजीआई व सिविल अस्पतालों में इलाज

संक्रमित मरीजों का इलाज पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च सहित शहर के अन्य सरकारी अस्पतालों में किया जा रहा है। इलाज के माध्यम से संक्रमण को आगे फैलने से रोकने पर जोर दिया जा रहा है।

# नगर निगम चंडीगढ़ का सख्त आदेश: किसी भी वाहन को नहीं मिलेगी मुफ्त पार्किंग



चंडीगढ़। नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर के सभी पेड पार्किंग स्थलों पर नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। निगम आयुक्त अमित कुमार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी वाहन, यहां तक कि इलेक्ट्रिक वाहन (एव), को भी मुफ्त पार्किंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। आयुक्त ने कहा कि पेड पार्किंग क्षेत्रों में 15 मिनट की भी कोई मुफ्त छूट का प्रावधान नहीं है। जो भी वाहन पार्किंग स्थल में प्रवेश करेगा, उसे निर्धारित शुल्क अदा करना अनिवार्य होगा।

## सेक्टर-7 में औचक निरीक्षण

आयुक्त ने आज सेक्टर-7 स्थित पेड पार्किंग स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दो वाहनों को बिना पार्किंग स्लिप या वैध पास के बाहर जाने दिया गया। इस लापरवाही पर कड़ा संज्ञान लेते हुए संबंधित कर्मचारियों का तुरंत प्रभाव से ड्यूटी क्षेत्र बदलने के निर्देश दिए गए।

## डिलीवरी वाहनों पर भी लागू होंगे नियम

आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि स्विगी, जोमैटो या किसी अन्य डिलीवरी प्लेटफॉर्म से जुड़े वाहनों को भी पार्किंग शुल्क से छूट नहीं दी जाएगी। सभी को समान रूप से निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

## सख्त कार्रवाई की चेतावनी

रोड डिवीजन नंबर 1, 2 और 3 के कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में तैनात पार्किंग कर्मचारियों द्वारा आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की ढिलाई पर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि इस कदम से पार्किंग व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित होगा।

# छप्पड़ किनारे नशा कर रहा युवक गिरफ्तार, पुलिस को देख सबूत पानी में फेंके

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16फरवरी। थाना हठूर पुलिस ने गश्त के दौरान मनदीप सिंह उर्फ जीता (निवासी गांव फेरूराई) को नशा करते हुए गिरफ्तार किया है। हवलदार जसविंदर सिंह ने जानकारी दी कि गश्त के दौरान छप्पड़ किनारे बरगद के पेड़ के पास युवक नशा कर रहा था। पुलिस को अपनी ओर आता देख उसने नशीला पदार्थ पानी में फेंक दिया और भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Uturn Time 17 Feb 2026_Layout 2 16-02-2026 23:50 Page 11



# बठिंडा पुलिस ने 1 किलो 507 ग्राम हेरोइन सहित युवक को दबोचा

सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 16 फरवरी। पंजाब में 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' अभियान के तहत बठिंडा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 1 किलो 507 ग्राम हेरोइन (सफेद) के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में केस नंबर 47 दिनांक 16-07-2026 को थाना सिविल लाइंस बठिंडा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21उ/61/85 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

यह कार्रवाई श्री गौरव यादव, आईपीएस, माननीय डीजीपी पंजाब और डीआईजी बठिंडा रेंज के दिशा-निदेशों तथा एसएसपी डॉ. ज्योति यादव, आईपीएस के नेतृत्व में की गई। 15 फरवरी को पुलिस टीम भट्टी रोड, बरनाला बाईपास स्लिप रोड पर गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान राजा (27), पुत्र इंदरजीत, निवासी हरदेव नगर बठिंडा को शक के आधार पर काबू किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो 507 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और पिछले 10-15 वर्षों से बठिंडा में रह रहा है। उसके पिछले और आगे के नेटवर्क की जांच जारी है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। वहीं, ऑपरेशन परहार 1.0 और 2.0 के तहत 20 जनवरी से 15 फरवरी तक 1054 आरोपियों की गिरफ्तारी और भारी मात्रा में नशीले पदार्थ व हथियार बरामद किए गए हैं।





# बठिंडा में नकली पुलिस कर्मचारी गिरफ्तार, पीओ विंग बनकर करता था ठगी

सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 16 फरवरी। थाना सिविल लाइन पुलिस ने एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है, जो खुद को पुलिस विभाग के पीओ विंग का कर्मचारी बताकर लोगों से ठगी करता था। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय रंजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। जानकारी के अनुसार आरोपी लोगों को फोन कॉल और व्हाट्सएप संदेश भेजकर उनके खिलाफ लंबित मामलों का हवाला देता था। वह पुलिस विभाग की मुहर और हस्ताक्षर जैसे दिखने वाले फर्जी समन भेजकर उन्हें डराता था। इसके बाद गैर-जमानती वारंट जारी होने की बात कहकर गिरफ्तारी का भय पैदा करता और 'मामला रफा-दफा' कराने के नाम पर गूगल पे के जरिए पैसे ऐंठता था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तकनीकी जांच और बैंक ट्रांजेक्शन के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस की वर्दी भी बरामद हुई, जिसका इस्तेमाल वह लोगों को गुमराह करने के लिए करता था। इंस्पेक्टर रविंदर सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि उसने कितने लोगों से ठगी की। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे फर्जी संदेशों से सावधान रहें।



# नशों के खिलाफ बठिंडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6.5 किलो अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार

सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 16 फरवरी। 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत बठिंडा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो नशा तस्करों को 6.5 किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पंजाब के डीजीपी गौरव यादव (क्द्दर) के दिशा-निर्देशों और एसएसपी डॉ. ज्योति यादव (क्द्दर) की अगुवाई में की गई। थाना कैनाल कॉलोनी के अंतर्गत वर्धमान चौकी पुलिस ने महाराजा रणजीत सिंह टेक्निकल यूनिवर्सिटी, बादल-बठिंडा रोड के पास नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान डबवाली की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार (PB-29-AG-3454) को शक के आधार पर रोका गया। डीएसपी सिटी-1 अमृतपाल सिंह भाटी की निगरानी में तलाशी लेने पर कार से 4 किलो अफीम बरामद हुई और दोनों आरोपियों को मौके पर काबू कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगसीर सिंह उर्फ सीरा (मानसा) और मोहिंदर सिंह (बठिंडा) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान जगसीर सिंह की निशानदेही पर 2.5 किलो और अफीम बरामद की गई, जिससे कुल बरामदगी 6.5 किलो हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अफीम राजस्थान से लाई गई थी और पंजाब में सप्लाई की जानी थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 3 दिन का रिमांड हासिल किया है।




# श्मशान घाट से 8 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/फरवरी। थाना सिद्धवां बेट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए श्मशान घाट से एक व्यक्ति को 8 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

एएसआई गुरसेवक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम किशनपुरा चौक पर मौजूद थी, तभी सूचना मिली कि कुलविंदर सिंह उर्फ गेंदा (निवासी गांव मधोपुर) श्मशान घाट में हेरोइन बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने तुरंत छापेमारी कर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



Rashmika Mandanna

# सेक्टर-17 और सेक्टर-8 में पार्किंग का बड़ा प्लान: चंडीगढ़ को मिलेंगी 3 नई आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। शहर में लगातार गंभीर होती जा रही पार्किंग समस्या से निपटने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने अहम फैसला लिया है। सेक्टर-17 में दो और सेक्टर-8 में एक नई/पुनर्निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग तैयार की जाएगी। इसके लिए यूटी अर्बन प्लानिंग डिपार्टमेंट से विस्तृत ड्राइंग को मंजूरी मिल चुकी है।अब नगर निगम इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत तैयार करेगा, जिसे जनरल हाउस की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। सदन से हरी झंडी मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।










## सेक्टर-17 को मिलेगा 10 हजार वर्गमीटर अतिरिक्त स्पेस

परियोजना पूरी होने के बाद सेक्टर-17 क्षेत्र में करीब 10,000 वर्गमीटर अतिरिक्त पार्किंग स्पेस उपलब्ध होगा। इससे व्यापारियों, कर्मचारियों और यहां खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।सेक्टर-17 में जिन दो पुरानी अंडरग्राउंड पार्किंग को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा, उनमें

- डीसी कार्यालय के सामने 30-बेज बिल्डिंग के पास स्थित पार्किंग
- बीएसएनएल भवन के नजदीक स्थित पार्किंग शामिल हैं। तीसरी बंद पड़ी अंडरग्राउंड पार्किंग को फिलहाल इस परियोजना में शामिल नहीं किया गया है।

## पार्किंग क्षमता में होगा बड़ा इजाफा

- डीसी कार्यालय साइट : करीब 3,000 वर्गमीटर
- बीएसएनएल साइट : करीब 2,000 वर्गमीटर

नई मल्टीलेवल पार्किंग बनने के बाद कुल एरिया बढ़कर लगभग 10,000 वर्गमीटर हो जाएगा। यहां

- डीसी ऑफिस साइट पर 200 इक्विवेलेंट कार स्पेस (ECS)
- बीएसएनएल साइट पर 120 ECS

विकसित किए जाएंगे। दोनों पार्किंग में दो अंडरग्राउंड लेवल कारों के लिए और सतह पर दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्था होगी।

## 50 साल पुरानी पार्किंग होंगी ध्वस्त

दोनों अंडरग्राउंड पार्किंग करीब 50 वर्ष पहले बनाई गई थीं। आईआईटी रुड़की द्वारा किए गए स्ट्रक्चरल ऑडिट में गंभीर सुरक्षा खामियां सामने आने के बाद इन्हें बंद कर दिया गया था। मरम्मत को असुरक्षित मानते हुए अब इन्हें पूरी तरह गिराकर नए सिरे से निर्माण का फैसला लिया गया है।

## सेक्टर-8 की पार्किंग का भी होगा कायाकल्प

सेक्टर-8 स्थित अंडरग्राउंड कार पार्किंग के पुनरुद्धार की जिम्मेदारी एनआईटीटीटीआर को सौंपी गई है। यह पार्किंग सतह प्लस एक अंडरग्राउंड लेवल की है। पुनर्निर्माण के बाद यहां लगभग 50 कारों की पार्किंग क्षमता विकसित की जाएगी और सतह का भी पार्किंग के रूप में उपयोग होगा।

## अभी सेक्टर-17 में ही एक मल्टीलेवल पार्किंग

फिलहाल शहर में नगर निगम की केवल एक मल्टीलेवल पार्किंग सेक्टर-17 में मौजूद है, जिसका पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। खासतौर पर निचले तल पर बहुत कम वाहन खड़े होते हैं। निगम इसका इस्तेमाल बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। नई परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उम्मीद है कि चंडीगढ़ की पार्किंग समस्या काफी हद तक कम हो सकेगी।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में जीएमसीएच सेक्टर-32 हॉस्पिटल में विशाल भंडारे का आयोजन





चंडीगढ़ , यूटर्न, 16 फरवरी। जीएमसीएच सेक्टर-32 हॉस्पिटल के समस्त कर्मचारियों द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में 8000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद, सीनियर डिप्टी मेयर जश्मनप्रीत सिंह, चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश सचिव शशि शंकर तिवारी, हॉस्पिटल डायरेक्टर-प्रिंसिपल जीपी धामी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट दसारी हरीश तथा रेडियोलॉजिकल सेफ्टी ऑफिसर लक्ष्मीकांत तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को लंगर वितरित किया। इस अवसर पर अरुण सूद ने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पवित्र पर्व पर जीएमसीएच सेक्टर-32 हॉस्पिटल के कर्मचारियों द्वारा किए गए इस सेवा कार्य में सम्मिलित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी कर्मचारियों को बधाई दी। हॉस्पिटल डायरेक्टर-प्रिंसिपल जीपी धामी ने कहा कि भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए सभी का एकत्र होना अत्यंत पुण्यकारी है और इस भंडारे के सफल आयोजन के लिए उन्होंने समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। भंडारे में शामिल श्रद्धालुओं ने भी अस्पताल प्रशासन एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए इस सेवा भावना के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

# चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मान

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 16 फरवरी। चंडीगढ़ पुलिस के महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हुड्डा को उनकी 28 वर्षों से अधिक की निष्कलंक और उत्कृष्ट सेवा के लिए 'राष्ट्रपति पुलिस पदक (विशिष्ट सेवा)' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित दिल्ली पुलिस रेजिंग डे समारोह के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रदान किया।



## 'परिवर्तन' पहल को अंतरराष्ट्रीय पहचान

दिल्ली में अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस के रूप में उन्होंने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए 'परिवर्तन' पहल शुरू की। इस पहल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली और Internatioanl Association of Chiefs of Police द्वारा प्रतिष्ठित वेबर सीवी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## कई राज्यों और केंद्र में निभाई अहम जिम्मेदारियां

डॉ. हुड्डा ने भारतीय पुलिस सेवा के दौरान अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़ और भारत सरकार में महत्वपूर्ण व संवेदनशील पदों पर कार्य किया। उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था प्रबंधन और प्रशासनिक सुधारों के कई मॉडल लागू किए गए।

## हाई-प्रोफाइल मामलों और G20 सुरक्षा में भूमिका

दिल्ली पुलिस में उपायुक्त, संयुक्त आयुक्त और विशेष आयुक्त के रूप में उन्होंने कई संवेदनशील और हाई-प्रोफाइल मामलों की निगरानी की। साथ ही G20 Summit 2023 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के समन्वय में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. हुड्डा का सेवाकाल पेशेवर दक्षता, प्रशासनिक सख्ती और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण माना जाता है। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होना उनकी दीर्घकालिक उत्कृष्ट सेवा की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है।

## उग्रवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई

अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट सियांग जिले में पुलिस अधीक्षक रहते हुए उन्होंने उग्रवाद समर्थित उगाही नेटवर्क को तोड़कर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया। बाद में पुलिस महानिरीक्षक (कानून-व्यवस्था) के रूप में संवेदनशील आंदोलनों और चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में भी अहम भूमिका निभाई।

# विकास नगर में धूमधाम से मनाया गया शिवरात्रि महोत्सव, शिव विवाह बना आकर्षण का केंद्र



विकास नगर, यूटर्न, 16 फरवरी। स्थित श्री गीता मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पुरोहित जंगम मंडली द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह का सजीव एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती रचना आनंद, श्री रमेश आनंद एवं उनके सुपुत्र कण्व और मोहित ने पूरे परिवार सहित विधि-विधान से शिव विवाह संपन्न करवाया। जंगम पुरोहित राजेंद्र और सरपाल द्वारा प्रस्तुत संगीतमय भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372